डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | वैशाख कृष्ण पक्ष 02- 2082 | भोपाल,दिन शनिवार, दिनांक 04 अप्रैल,2026

न्यूज गैलरी

तस्करी, दो आरोपी पकड़े, 1. 35 किलो गांजा बरामद

भोपाल (मादक तस्करी के आरोप में पुलिस ने निखुन चौहान और गोलू चौहान को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 1 किलो 350 ग्राम गांजा, 2 मोबाइल और 1040 रुपये नकद बरामद कर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट (प्रथम 1910/26) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि आदतन तस्करी मार्ग के पीछे, टीटी नगर स्टेडियम के पास दो लोग सार्वजनिक पार्क में गांजा बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। पेट्रोलिंग कर ली गई तलाशी में चार्जर पदार्थ बरामद हुआ।

पेट्रोल टैंकर में घुसा ऑटो, 8 लोग घायल

भोपाल। भोपाल गुनगा थाना क्षेत्र के भोपाल-बैरसिया सड़क पर मारुत पेट्रोलियम के टैंकर और ऑटो की टक्कर हो गई। ऑटो सवार 8 लोग घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि 2 लोगों के हाथ में फ्रैक्चर आया है। सभी घायल संभवतः बरला भोपाल के रहने वाले हैं। पुलिस ने ऑटो और टैंकर को कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी पिंटू जाटव ने बताया कि टैंकर भोपाल की ओर से जा रहा था। वहीं, ऑटो बैरसिया की ओर से आ रहा था। टैंकर गुजरे लगा तभी टक्कर हुई।

आलोक नागर और राजेश भट्ट बनेंगे सूचना आयुक्त

भोपाल। प्रदेश सरकार राज्य सूचना आयोग में दो नए सूचना आयुक्त नियुक्त किए हैं। सरकार ने पूर्व रजिस्ट्रार (लॉ एवं सोसायटी) आलोक नागर और अल्पसंख्यकों के पूर्व कार्यपालन प्रभारी राजेश भट्ट को सूचना आयुक्त बनाने का निर्णय लिया है। इन दोनों नामों को मुख्यमंत्री की मंजूरी भी मिल गई है।

इन नियुक्तियों का फैसला मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के बीच हुई बैठक में लिया गया। बैठक में दोनों नामों पर सहमति बनने के बाद इन्हें अंतिम रूप दिया गया।

कोलार में शराब दुकान का विरोध, बंद करना पड़ा शटर

भोपाल। कोलार के मंदाकिनी कॉलोनी पर शिफ्ट की गई शराब दुकान का विरोध शुक्रवार को भी जारी रहा। शाम को रहवासियों, जैन समाज और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध किया। बड़ी संख्या में लोग दुकान के सामने पहुंचे और नारेबाजी की, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। इसे देखते हुए कर्मचारियों को ठेले की शटर बंद करनी पड़ी। प्रदर्शनकारियों ने तहसीलदार एनएस परमार और एसीपी अशोक श्रीवास्तव को ज्ञापन देकर दुकान हटाने की मांग की। लोगों ने जैन मंदिर और घनी आबादी के कारण आपत्ति जताई। उनका कहना है कि इससे ट्रैफिक समस्या भी बढ़ रही है और दुकान वहां से शिफ्ट की जाए।

विकास खन्ना . . मुकेश मैकेंजी अजाक्स के प्रांतध्यक्ष

भोपाल। मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) ने लंबे समय से चला आ रहा नेतृत्व का विवाद अब पूरी तरह समाप्त हो गया है। सामान्य प्रशासन विभाग के कर्मचारी कल्याण प्रकोष्ठ ने स्थिति स्पष्ट करते हुए आदेश जारी किया है कि श्री. मुकेश मेंकेंजी ही संगठन के कैबिनेट प्रांतध्यक्ष होंगे। जीएडी द्वारा जारी पत्र के अनुसार मेंकेंजी को कैबिनेट अध्यक्ष और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विवेक रसूवाले को कार्यपालक प्रांतध्यक्ष नामजद किया गया है।

शुभारंभ उज्जैन में महाकाल द मास्टर ऑफ टाइम इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का किया शुभारंभ

धार्मिक नगर उज्जैन में 15 करोड़ लागत के विज्ञान केंद्र का उद्घाटन

केंद्रीय मंत्री प्रधान ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम ग्रीनविच मीन टाइम (जीएमटी) के स्थान पर महाकाल स्टैंडर्ड टाइम (एमएसटी) की तार्किक स्थापना करे

अपनी वैज्ञानिक विरासत को पुनर्जीवित करने का यह सशक्त प्रयास

इस मौके पर विचारक एवं समाजसेवी सुरेश सोनी विशेष रूप से मौजूद थे

महाकाल द मास्टर ऑफ टाइम से स्टैंडर्ड टाइम तक ले जाना

डीआर संवाददाता।।भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह हम सब के लिए गौरव का विषय है कि उज्जैन को साइंस सिटी के रूप में स्थापित किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से शुक्रवार को 15 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया गया। शासन ने यह अपनी वैज्ञानिक विरासत को पुनर्जीवित करने का सशक्त प्रयास है। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्व में नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए हो रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस नीति की भावना के अनुरूप युवाओं को भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ने की दिशा में गंभीर प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन की माटी ने विज्ञान, गणित, खगोल और ब्रह्मांड चिंतन मनीषियों से विभूषित है। उज्जैन काल गणना का केंद्र रहा है।

नव-निर्मित उज्जैन साइंस सेंटर का हुआ लोकार्पण, द हेरिटेज इकाई की विस्तार परियोजना का हुआ भूमिपूजन

उज्जैन और दोंगला के आधार पर खगोलीय गणनाओं की सटीकता अद्भुत

डॉ. यादव ने अपने वैज्ञानिक प्रमाण के अनुसार का उल्लेख करते हुए कहा कि उज्जैन और दोंगला के आधार पर होने वाली खगोलीय गणनाओं की सटीकता अद्भुत है। दोंगला को एस्ट्रोनॉमिकल सर्वेक्षण के लिए विकसित किया जा रहा है। इस दिशा में उज्जैन का यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन मील का पत्थर सिद्ध होगा। मुख्य रेखा और प्रथम रेखा का कटाव का केंद्र बिंदु रहते उज्जैन में था, जो अब उज्जैन से 32 किमी दूर दोंगला में शिफ्ट हो गया है। यहां 21 जून को सूर्य की छाया शून्य हो जाती है। मीनाक्षेत्र के मीन राशि में रहा था 10 मार्च तक सूर्य के दर्शन होते हैं।

हमें अपनी शिक्षा पद्धति को केवल रटने की पुरानी परिपाटी से निकलना होगा

केंद्रीय मंत्री प्रधान ने शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नई शुरुआतों का जिक्र करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी) की भावना को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हमें अपनी शिक्षा पद्धति को केवल रटने की पुरानी परिपाटी से निकालकर कुशलता, रोजगार, नवाचार और विषयगत विकास की ओर ले जाना होगा। आज का युवा रटकर और अनुप्रयोग विहीन ज्ञान से संतुष्ट नहीं है। वह कुछ नया करना चाहता है। इसके लिए स्कूली स्तर पर ही एनईपी जैसे नए कार्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं।

7 कर्मचारियों सहित करीब 49 लोग प्रभावित

झाबुआ में वाटर फिल्टर प्लांट से क्लोरीन गैस में रिसाब

डीआर संवाददाता।।झाबुआ।

जिले के सावता क्षेत्र में पद्मावती नदी किनारे स्थित वाटर फिल्टर प्लांट में शुक्रवार शाम क्लोरीन गैस रिसाव की घटना से हड़कंप मच गया। इस हादसे में 7 कर्मचारियों सहित करीब 49 लोग प्रभावित हुए, जिनमें से कुछ को सांस लेने में दिक्कत के चलते ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है।

गैस रिसाव के बाद लगभग एक किलोमीटर तक का इलाका प्रभावित हुआ। लोगों को आंखों में जलन और घुटन महसूस होने लगी, जिससे घबराकर कई लोग घरों से बाहर निकल आए। सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और एसडीएम व पुलिस बल मौके पर पहुंच गए। कलक्टर विनोद और नगर परिषद की टीमों ने राहत कार्य संभाला।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए इंदौर से विशेषज्ञों की टीम बुलाई गई, जिसने प्लांट के टैंकों की जांच कर गैस रिसाव पर काबू पाया। शाम 7 बजे तक रिसाव नियंत्रित कर लिया गया और देर रात तक हालात सामान्य हो गए।

स्वास्थ्य विभाग की टीम प्रभावित क्षेत्र में घर-घर सर्वे कर रही है और हल्के लक्षण वाले लोगों को भी निगरानी में रखा गया है। डॉक्टरों के अनुसार सभी मरीजों की स्थिति नियंत्रण में है। प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है, हालांकि लापरवाही के पहलू की भी जांच की जा रही है।

इंदौर में नए एलपीजी कनेक्शन बंद, भोपाल में सिलेंडर को लेकर हंगामा

डीआर संवाददाता।। भोपाल

मध्य प्रदेश में एलपीजी गैस को लेकर लोगों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। इंदौर में नए एलपीजी कनेक्शन के लिए पोर्टल एक महीने के लिए बंद कर दिया गया है, जिससे नए उपभोक्ताओं को कनेक्शन नहीं मिल पाएंगे। इस दौरान म-ऊल और अन्य प्रक्रियाएं भी स्थगित रहेंगी।

वहीं भोपाल के लालघाटी स्थित शिवम गैस एजेंसी पर सिलेंडर को लेकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में उपभोक्ता एजेंसी पहुंचे, जहां कई लोगों को बताया गया कि उनका सिलेंडर पहले ही डिलीवर हो चुका है, जबकि उन्हें वास्तव में गैस मिली ही नहीं। इस पर लोगों ने विरोध जताते हुए हंगामा किया।

ग्राहकों का आरोप है कि बुकिंग के कई दिन बाद भी सिलेंडर नहीं मिल रहा। कुछ ने इसे गंभीर अनियमितता बताया। एक उपभोक्ता के अनुसार, 28 मार्च को बुकिंग कराने के बावजूद 3 अप्रैल तक सप्लाई नहीं मिली।

भोपाल में 25 हजार से अधिक बुकिंग पेंडिंग हैं, जबकि रोजाना सप्लाई कम हो रही है। इससे समस्या और बढ़ती जा रही है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

इंदौर में नए एलपीजी कनेक्शन एक महीने के लिए बंद
म-ऊल और नई प्रक्रिया भी स्थगित
भोपाल में सिलेंडर डिलीवरी को लेकर हंगामा
बिना डिलीवरी के सिस्टम ने कराई दिखाने के आरोप
25 हजार से ज्यादा बुकिंग पेंडिंग
कलेक्टर ने जांच के दिए निर्देश
मिशन इन्द्रधनुष पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

बिजली लाइन की चपेट में आई ट्रैक्टर ट्रॉली, महिला , बालक जिंदा जले

डीआर संवाददाता।। छिंदपुरी

जिले में कोतवाली थानांतर्गत पेहरा-ओलवाई रोड पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली बिजली की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई। इससे ट्राली में सवार एक महिला की जिंदा जलकर मौत हो गई। वहीं सात वर्षीय बालक ने भी झुलसने की वजह तोड़ दिया। इस हादसे में एक अन्य महिला और पुरुष घायल हो गए हैं। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाल थाना प्रभारी नम्बर सिंह गुर्जर के अनुसार राजस्थान के बारां जिले के खेड़ली गांव में रहने वाला परिवार मुरा खरीदने के लिए बीजावाई गांव जा रहे थे।

सोसाइटी में जमा नहीं कीये कर्मचारियों ने 41.94 लाख

डीआर संवाददाता।। भोपाल

इटखेड़ी थाना क्षेत्र में सहकारी समिति के तीन कर्मचारियों द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की वसूली की रकम हड़पने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कर्मचारियों ने किसानों से लोन की किस्त के रूप में 41 लाख 94 हजार रुपए वसूले, लेकिन यह राशि समिति के खाते में जमा नहीं की और अपने पास रख ली।

ग्राम रामपुर सहकारी समिति के प्रबंधक रामचरण सिलावट की शिकायत पर पुलिस ने मनोज कुमार जाटव, नरेंद्र और मुकेश के खिलाफ गबन और धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

थाना प्रभारी आशीष राय के अनुसार तीनों कर्मचारी किसानों से लिया वसूली का रकम देखते थे। जांच में सामने आया कि वसूली की गई रकम का रिकॉर्ड और जमा पर्ची में अंतर है।

नोटिस के बाद भी नहीं लौटाई रकम

समिति प्रबंधन ने पहले आंतरिक स्तर पर नोटिस देकर रकम जमा कराने की कोशिश की, लेकिन राशि वापस नहीं आई। इसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। अब साथी और लेनदेन की जांच की जा रही है ताकि हड़पी गई राशि का पूरा हिसाब सामने आ सके।

पुलिस ने आरोपियों की तलाश के लिए टीम बनाई है। सिरफरारों के बाद ही यह साफ होगा कि रकम कहां और किस तरह इस्तेमाल की गई। अधिकारियों का कहना है कि मामले में अन्य लोगों की भूमिका भी जांच के दायरे में लाई जा सकती है।

आज कई जगह 5 घंटे तक बाधित रहेगी बिजली

डीआर संवाददाता।। भोपाल

पोल रिप्लेसमेंट और लाइन मेंटेनेंस कार्य के कारण शनिवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

सुबह 10 से दोपहर 1 बजे: एमएलए रेस्ट हाउस, महावीर नगर, आईडीसीआई बैंक, एमएलए क्वार्टर्स, विरला मंदिर, बालाजी नगर, भीम नगर, होशंगाबाद रोड एवं आसपास

सुबह 10 से दोपहर 2 बजे: मेसाकोठी, आकाश गार्डन, गणेश आश्रम, शिवशक्ति धाम, बैरागढ़ मंडी एवं बी एंड एन एरिया।

दोपहर 12 से शाम 5 बजे: गल्ला मंडी, हम्माल कॉलोनी, जोगीपुरा, उदयाभान दाल मिल, नीम रोड, पेनशीपुरा, पुलिस सीआई कॉलोनी, बंजारापुरा, बैंक कॉलोनी, लू कॉलोनी, सिंधी, कलीमपुरा, कुम्हारपुरा, सर्च के पीछे और नीम वाली रोड।

विश्वविद्यालय में भव्य 'अफ्रो फेस्ट' का आयोजन

डीआर संवाददाता।। भोपाल

रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में इकुमल कैंपस 'रिदम 2026' के अंतर्गत 'अफ्रो फेस्ट' का आयोजन लगातार तीसरे वर्ष भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम में अफ्रीकी छात्रों और विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

आयोजन के दौरान मूल्य, संगीत, भोजन एवं लाइव बैंड और नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अफ्रीकी पारंपरिक और आधुनिक कला का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम वरिष्ठ नेतृत्व के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। आयोजन का समन्वय डॉ. विनु कुमार ने किया।

मौसम तीन से चार डिग्री गिरा दिन और रात का तापमान

प्रदेश में चार दिन तक ऐसे ही रहेगा बारिश-ओले का मौसम

डीआर संवाददाता।। भोपाल

अप्रैल के शुरुआती दिनों में ही प्रदेश के लोगों को तेज गर्मी से राहत मिल रही है, हालांकि ओले बारिश की वजह से खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान हुआ है।

शुक्रवार को भी 3 दर्जन जिलों में बारिश दर्ज की गई, जिसमें अलीराजपुर को सीधा से सबसे ज्यादा 38 मिलीमीटर बारिश हुई। जबकि 7 जिलों में ओले भी गिरे, जिसमें धार, राजगढ़, बुरहानपुर, भिंड, उज्जैन, अलीराजपुर और देवास शामिल हैं। कलीन क्षेत्र में ओले गिरने की उपज से फसलों को नुकसान हुआ है। मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा का कहना है कि 7 अप्रैल तक प्रदेश में तेज आंधी चलेगी। कुछ जिलों में हवाओं की अधिकतम रफ्तार 50 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रहेगी। घंटों में 30 से 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चलने का अनुमान है। इसके साथ बारिश और ओले भी गिर सकते हैं।

खेतों में ओले गिरने से फसलों को नुकसान

3 दर्जन शहरों में बारिश, 7 में गिरे ओले रोमवा में सबसे ज्यादा 38 मिमी बारिश

आज यहां रहेगा बारिश का अलर्ट

भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, रायसेन, रीवा, सतना, सिवनी, छिंदवाड़ा, बुरहानपुर, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ और शहडोल में आंधी, बारिश का अलर्ट है।

मप्र में 600 से अधिक दुकानें खाली, इसलिए राजस्व अटका

ठेके नहीं उठे, अब निगम-मंडल बनाकर शराब बेचने की तैयारी

डीआर संवाददाता।। भोपाल

मध्यप्रदेश में शराब ठेकों की नीलामी राज्य सरकार के लिए घुमौती बन गई है। यहां शराब बिक्री पूरी तरह सरकारी नियंत्रण में है। स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन के जरिए सभी दुकानें संचालित होती हैं। इससे निजी ठेकेदारों की भूमिका खत्म होती है और पूरा मुनाफा सीधे सरकार को मिलता है।

जिन दुकानों पर 30 से कम ऑफर आए थे, उन्हें विभागीय स्तर पर चलाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने इस प्रस्ताव पर विभाग को परीक्षण के निर्देश दिए हैं।

प्रताप सिंह ने सुझाव दिया कि छत्तीसगढ़ में यह मॉडल पहले से गठ मॉडल छत्तीसगढ़ में पहले से लागू है। वहां शराब बिक्री पूरी तरह सरकारी नियंत्रण में है। स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन के जरिए सभी दुकानें संचालित होती हैं। इससे निजी ठेकेदारों की

कैबिनेट कमेटी की बैठक में 489 दुकानों को चलाने के लिए निगम या मंडल बनाने पर सहमति बनी है। बाकी, जगह ठेके नहीं उठे तो सरकार खुद शराब दुकानें संचालित कर सकती है। बैठक में मंत्री उदय

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर वैशाख कृष्ण पक्ष 02- 2082 सीहोर, दिन शनिवार, दिनांक 04 अप्रैल, 2026

न्यूज गैलरी

जल प्रबंधन और संयंत्र संचालन की जानकारी दी

सीहोर। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत उपजिलों द्वारा जिले में विकासखंड स्तर पर जल प्रबंधन की उचित व्यवस्था एवं जल के समुचित उपयोग के लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है। पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना से आच्छादित ग्राम कोठरी के किसान प्रगतिशील एवं जागरूक किसानों के प्रयोगों पर हिप संयंत्र लगाए हैं।

विभागीय व्यय तीन प्रमुख श्रेणियों में विभाजित

सीहोर। वित्त विभाग ने विभागीय व्यय को तीन प्रमुख श्रेणियों में विभाजित किया है। मुख्य श्रेणी, केंद्र प्रायोजित योजनाएं तथा सामान्य श्रेणी। मुख्य श्रेणी में वेतन-भत्ते, मजदूरी, न्यायालयीन डिक्री, छात्रवृत्ति, प्राकृतिक आपदा और ऋण अदायगी जैसे अत्यावश्यक व्यय शामिल किए गए हैं। इन पर वैधानिक व्यय सीमा लागू नहीं होगी।

बच्चों का खतरनाक उद्योगों में नियोजन प्रतिबंधित

सीहोर। प्रदेश में 14 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों का खतरनाक उद्योगों और प्रक्रियाओं में नियोजन प्रतिबंधित है। श्रम विभाग द्वारा श्रम बाल रोपण के तहत बाल श्रम अथवा बंधक श्रम पाए जाने की स्थिति में जोखिम टॉकरेज की रोकथाम तथा संबंधित संस्थान को सुरक्षा अंक देने जाने की भावना की गई है।

स्कूल चलें हम अभियान में आज हार के आगे जीत

सीहोर। स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत 4 अप्रैल को ऐसी शाला को चिन्हित किया जाएगा, जो किन्हीं कारण से अनुपस्थिति प्राप्त करने में अवाकल हो गए हैं। पालकों को इन बच्चों की आगे की पढ़ाई के लिए सन्नद्धकर दी जाएगी। उन्हें बताया जाएगा कि असफल होने के बाद भी लगातार प्रयास से अच्छा भविष्य तैयार किया जा सकता है। इसी दिन शाला प्रबंधन और विकास समिति की बैठक भी होगी।

कारपोरेट क्रिकेटस्पर्धा का आगाज आज से

सीहोर। शहर की प्रतिभाओं को मंच देने के लिए शनिवार से बीएसआई मैदान पर सीएम स्पोर्ट्स और जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आठ टीमों के बीच मुकाबले होंगे। डीसीए के मीडिया प्रभारी हिमांशु दीक्षित ने बताया कि शनिवार सुबह आठ बजे लाल पारी और सीहोर यंग स्टार के बीच पहले मैच से सा. राजमल मेघावा पूर्व विधायक की स्मृति में कारपोरेट क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत की जाएगी। इसके अलावा दूसरा मैच रेडी और अलवहमद क्रिकेट टीम के बीच दोपहर एक बजे खेला जाएगा। प्रतियोगिता में आठ टीमों को शामिल किया गया है। इसके लिए आयोजन समिति के चेतन गेवड़ा ने एक सीमित का गठन किया है। जिसमें जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, कोषाध्यक्ष वीर वर्मा, आदीप वर्मा, अतुल कुशवाह, गौरव पिपलोदा आदि को शामिल किया गया है।

पक्षियों के लिए लगाए सकोरे

सीहोर। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद ने हसनपुर तिगोनिया, दिगसिया और सेलखुरा में कार्यक्रम आयोजित किए। सेलखुरा चौराहे पर जल मंदिर (प्याऊ) स्थापित किया गया। साथ ही पुल पूजन व पर्यावरण संरक्षण का संदेश

आंधी का असर तेज हवा से कई पेड़ धराशायी, बिजली के पोल टूटे, रात में रहा ब्लैक आउट, सुबह तक हुई बिजली

70 किमी की रफ्तार से आंधी और बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

गुरुवार रात करीब 11 बजे तक सब कुछ सामान्य था, लेकिन अचानक मौसम ने करवट ली। देखते ही देखते करीब 40 मिनट तक धूल भरी तेज आंधी चली, जिसके कारण सुरक्षा के लिहाज से पूरे शहर की बिजली गुल कर दी गई।

जिला मुख्यालय सहित जावसाल के इलाकों में गुरुवार रात कुदरत ने जबरदस्त कहर बरपाया। करीब 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली तेज आंधी और गरज-चमक के साथ हुई बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। इस प्राकृतिक आपदा का सबसे बड़ा असर वेब सीरीज रणभावर के सेट पर पड़ा, जहां तेज हवाओं ने भारी तबाही मचाई है।

बता दें गुरुवार रात करीब 11 बजे तक सब कुछ सामान्य था, लेकिन अचानक मौसम ने करवट ली। देखते ही देखते करीब 40 मिनट तक धूल भरी तेज आंधी चली, जिसके कारण सुरक्षा के लिहाज से पूरे शहर की बिजली गुल कर दी गई। पूरा सीहोर करीब डेढ़ घंटे तक अंधेरे की आगोश में रहा। आंधी थमने के बाद भी रिमझिम बारिश हुई और रात करीब 12:30 बजे के बाद ही बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी।

नुकसान के गंभीर आंकड़े

नजदीकी महेश्वर गांव में इन दिनों बहुचर्चित वेब सीरीज रणभावर के सेलम-9 की शूटिंग चल रही है। रात को आई आंधी ने वहां जमकर नुकसान पहुंचाया। यूनिट के लाइट प्रोडक्शन सेटअप जानकारी ने बताया कि तेज हवा इतनी तेज थी कि शूटिंग के लिए लगाए गए टेंट और अन्य सामान-सामान उड़ गे गए गए। यू सैकर्ड के लिए बना खाना भी धूल और बारिश की भेंट चढ़ गया।

धूप के बाद अचानक बदला मिजाज

बता दें मौसम का मिजाज बदला-बदला सा रहा। दिन भर तेज धूप खिली थी और अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया लेकिन रात होते होते परिस्थिति बिल्कुल के उलिम होने से मौसम पलट गया। मौसम विभाग ने किसानों के लिए मौसमी जारी की है। विशेषज्ञों के अनुसार अगामी में प्रदेश में इस दिनों बहुचर्चित वेब सीरीज रणभावर के सेलम-9 की शूटिंग चल रही है। रात को आई आंधी ने वहां जमकर नुकसान पहुंचाया। यूनिट के लाइट प्रोडक्शन सेटअप जानकारी ने बताया कि तेज हवा इतनी तेज थी कि शूटिंग के लिए लगाए गए टेंट और अन्य सामान-सामान उड़ गे गए गए। यू सैकर्ड के लिए बना खाना भी धूल और बारिश की भेंट चढ़ गया।

एक मजबूत मेहर सिस्टम सक्रिय है। अगले दो दिन गरज चमक, तेज हवाओं और ओलावृष्टि की संभावना बनी रहेगी।

राहत की बात यह रही कि इस दौरान कोई भी गंभीर घायल नहीं हुआ, लेकिन अधिकतम शूटिंग सेकनी पड़ी है। गौरतलब है कि नोटिस में 16 मार्च से 9 अप्रैल तक का शेड्यूल तय है, जिसमें 200 से अधिक लोग काम कर रहे हैं।

बाइकों की टक्कर, युवक की मौत, 2 गंभीर, रेफर

डीआर संवाददाता»**नैकेंदा**

नैकेंदा तहसील क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही ने फिर एक जान ले ली। शुक्रवार को नैकेंदा से करीब 12 किलोमीटर दूर नीलकंठ और मंडी के बीच दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को सीहोर रेफर किया गया है।

जानकारी के मुताबिक दोनों बाइक सवार विपरीत दिशा से आ रहे थे। अचानक आमने-सामने भिड़ गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने बताया कि मृतक की पहचान प्रभुदास यादव के रूप में हुई है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घायलों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस जांच कर रही है।

8 माह पहले ड्यूटी की घटना में अकेला बचा युवक, मौत

नीलकंठ मंडी मार्ग पर आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। मिनीबस विभाग तीस बदल नहीं उठा रहे हैं। करीब छह महीने पहले इसी मार्ग पर ड्यूटी की घटना में जाने से एक मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई थी। लगातार हादसों के बाद भी सड़क सुरक्षा के इंतजाम नहीं हो रहे हैं। यातायात नियंत्रण पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

विद्यार्थियों ने लिया बुजुर्गों का आशीर्वाद

डीआर संवाददाता»**सीहोर**

शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित सरकारी वृद्धा आश्रम में सरकार मंत्र की ओर से अनेक विद्यार्थियों ने आश्रम में पहुंचकर वहां पर निवासरत वृद्धजनों के साथ बातचीत की। इस मौके पर एनसीसी एस में अधिकतम सुरभि मोपरे, हर्ष नामदेव और विष्णु सोनकर आदि शामिल थे। इस मौके पर श्रद्धा भक्ति सेवा समिति और संस्कार मंत्र की ओर से मनोज पिपोदिया मंत्र ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा ही सबसे बड़ा अपेक्षित है। आज हम बुजुर्गों को पूजते जा रहे हैं। प्रिंसिपली में कुछ सीखना है तो बुजुर्गों का आशीर्वाद लेना जरूरी है। इस मौके पर विद्यार्थियों ने वहां पर निवासरत वृद्धजनों को भोजन प्रसादी का वितरण किया।

दोराहा में बस स्टैंड और बैंक परिसर बना नशेड़ियों का अड्डा, लोग परेशान

डीआर संवाददाता»**दोराहा**

तीन के बस स्टैंड और पंजाब नेशनल बैंक परिसर के आसपास इन दिनों नशेड़ियों का जमावड़ा बढ़ गया है। इस जगह पर नशे के आदी और ड्रग्स का सेवन करने वाले अज्ञात युवकों की गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। इस वजह से आम नागरिकों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, सार्वजनिक स्थान होने के बावजूद यहां खुलेआम शराब और अन्य नशे का सेवन किया जा रहा है। दिनभर राहगीरों, एनसीसी और बैंक आने-जाने वाले लोगों की आवाजाही रहती है, लेकिन इसके बावजूद कुछ

लोग अपने साथ का इस्तेमाल करते हैं और माहौल को अनुशासित बना रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत करने पर तो लोग उलटे देने लगते हैं, जिससे लोग डर के कारण चुप रहते हैं। लंबे समय से नहीं आ रही इस समस्या को लेकर प्रशासन की निष्क्रियता पर भी सवाल उठ रहे हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है।

इस स्थिति से सबसे अधिक परेशानी महिलाओं और स्कूली बच्चों को हो रही है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन और पुलिस से मांग की है कि क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाई जाए और सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आमजन को सुरक्षित वातावरण मिल सके।

सिर्फ 200 जोड़ों के कन्यादान की सीमा, नाम जुड़वाने गुहार लगाते रहे हितग्राही

डीआर संवाददाता»**नैकेंदा**

नैकेंदा नगर में 19 अप्रैल को होने वाले मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के सामूहिक विवाह समारोह में शासन ने आयोजन की संख्या 200 जोड़ों तक सीमित कर दी है।

प्रशासन ने पहले जब आवेदन की तारीख 2 अप्रैल से 8 अप्रैल तय की थी। पहले ही दिन 200 फॉर्म जमा हो गए। इसके बाद भी हितग्राही आवेदन से वंचित रह गए। शुक्रवार को जनपद कार्यालय में लोगों की भीड़ लगी रही। कुछ लोग जनप्रतिनिधियों से संपर्क की गुहार लगाते हुए दिखे। जनपद पंचायत के सीईओ संजय अग्रवाल ने कहा कि 200 जोड़ों का लक्ष्य मिला है।

आप बीती, टूट गई उम्मीद

देवलाल जाटव ने बताया कि वे 4 से 5 दिन इसकोशिश पूरे करने में लगे रहे। जब आवेदन करने पहुंचे, तब तक 200 फॉर्म जमा हो चुके थे। आवेदन नहीं हो सका। ग्राम पंचायत सभा के सरपंच पहले ने बताया कि वे फॉर्म लेने पहुंचे थे। दस्तावेज पूरे नहीं थे। आवेदन नहीं कर सके। कैबिनेट मंत्री गोपाल डोडी जरूरी कागजात नहीं होने के कारण नहीं मिले। ग्राम पंचायत सभा के सचिव प्रतिनिधि प्रवीण कुशवाह ने कहा कि पहले के सर्वेक्षणों में 500 जोड़ों का विवाह होना था।

कलेक्टर के निर्देश मिलते ही गोदामों का निरीक्षण

डीआर संवाददाता»**सीहोर**

शासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन 10 अप्रैल से प्रारम्भ होगा। रबी उपार्जन वर्ष अंतर्गत जन्म जिलों में खरीदी के लिए निर्धारित गोदामों पर खरीदी प्रारम्भ होने के पूर्व एवं बिना स्लॉट बुकिंग के गेहूं भंडारित करने का प्रकरण प्रकाश में आया है। इस स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री बालसुब्रमनियन के द्वारा जिले में गेहूं खरीदी के लिए निर्धारित गोदामों में इस वर्ष की खरीदी से पहले गेहूं के भण्डारण का भौतिक सत्यापन करने के लिए लक्ष्मीकिशोर एवं गोदामपाल अधिकारियों के

जांच दल गठित किए गए है। सभी अधिकारियों को गेहूं उपार्जन के लिए निर्धारित गोदामों की जांच कर 02 दिनों में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर श्री बालसुब्रमनियन के निर्देश के पालन अधिकारियों के जांच दल गोदामों का निरीक्षण करने पहुंचे। जांच दलों द्वारा खसरापुर स्थित सागरी वेयर हाउस, गोदाम वेयर हाउस मान्यखेड़ी स्थित फोरेन वेयर हाउस, गिरवरीन स्थित दुबाम वेयरहाउस, मकरुण्डा स्थित सागरा वेयरहाउस, ग्रामीण श्री वेयरहाउस, बोरवी कला स्थित श्री अन्न शिवचरण वेयरहाउस, पंगरवारी स्थित कमला श्री वेयरहाउस, मधरी कला महाकाल वेयर हाउस सहित जिले अनेक वेयरहाउसों का निरीक्षण किया गया।

सूदखोरी से परेशान युवक ने वीडियो बनाकर जहर पिया, बचा

डीआर संवाददाता»**सीहोर**

नगर में सूदखोरी से परेशान एक युवक के जहर खाने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में युवक लाल होगी पर रूपीर आरोप लगाता दिख रहा है।

युवक की पहचान अशोक उदौर के रूप में की जा रही है। वीडियो में वह स्पष्ट तौर पर तीन लोगों के नाम लेकर उन पर पैसे की वसूली और प्रताड़ना के आरोप लगाता है। इतना कहते ही तेजी जहर पी लिया। बताया जा रहा है कि आर्थिक संकट और लगातार वसूली से परेशान होकर उसने

यह कदम उठाया।

थाना प्रभारी दीनदयाल धनकुशवाह ने बताया कि अशोक उदौर का सीहोर अस्पताल में इलाज किया गया। वहां से उसे छुट्टी दे दी गई है। अशोक को जांच के लिए थाने बुलाया गया है। उसके बयान आधार आगे की कार्रवाई की जाएगी। वे सूदखोरी का कारोबार चलाने के आरोप भी सामने आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के मामले अक्सर इस जाल में फंसे हैं। आरोप है कि 10,000 देने के बाद 60 दिनों तक हर दिन 200 वसूले जाते हैं। किसी दिन भुगतान नहीं हो तो अगले दिन 200 अतिरिक्त पेनल्टी भी ली जाती है।

महंगाई भत्ता 55 से बढ़कर 58 प्रतिशत हुआ सीहोर का वित्त विभाग ने राज्य के

सीहोर। राजकीय कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए महंगाई भत्ते में वृद्धि का निर्णय लिया है। जारी आदेश के अनुसार सातवें वेतनमान के तहत कर्मचारियों को मिलने वाला महंगाई भत्ता अब एक जुलाई 2025 से भुगतान माह अगस्त 2025 से 55 प्रतिशत से 58 प्रतिशत कर दिया गया है। वित्त विभाग के परिपत्र के अनुसार यह बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता 1 जुलाई 2025 से कुल 58 प्रतिशत देय मान जाएगा। हालांकि कर्मचारियों को इसका वास्तविक लाभ 1 अप्रैल से प्राप्त होगा।

कन्या पूजन सेहत से खिलवाड़, मिलावटखोरी में सीहोर टॉप-10 में, फिर भी दागी दुकानदारों पर मेहरबान विभाग

जिले में खाद्य सामग्रियों के 55 सैंपल फेल, नाम उजागर ही ली साधान ही लोग

डीआर संवाददाता»**सीहोर**

जिला प्रशासन और खाद्य विभाग की सुस्ती आम जनता की सेहत पर भारी पड़ रही है। राज्य प्रदेश के टॉप-10 मिलावटखोर जिलों की सूची में सीहोर का नौवें स्थान पर आना कोई उपलब्धि नहीं, बल्कि जिले के स्वास्थ्य सुरक्षा तंत्र की विफलता का प्रमाण है। रहस्य के लिए गुड़ और नमक के बीच जिले में 55 सूत्र सैंपल फेल पाए गए हैं, लेकिन ताज्जुब की बात यह है कि विभाग उन मिलावटखोरों से नाम सार्वजनिक करने से कतरा रहा है जो लोगों की थाली में जीवन जहर परोस रहे हैं।

मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन की हालिया रिपोर्ट ने जिले में हड़कंप मचा दिया है। पिछले तीन सालों में लिए गए सैंपलों की सांख्यिकी रिपोर्ट बताती है कि (फाइनेंशियल 420 फेल सैंपल) के मामले प्रदेश के मुनिया प्रभावित जिलों में सीहोर में शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार हमारे दैनिक आहार का हिस्सा बनने वाले दूध, मावा, मसाले और घी की जैसी डेयरी उत्पादों में सबसे ज्यादा मिलावट पाई गई है।

जब मौत के करीब पहुंचे 200 ग्रामीण

मिलावटखोरी का सबसे भयावह चेहरा हाल ही में इछावर तहसील के ग्राम कांकेड़ा नेठावाड़ा में देखने को मिला। एक शादी समारोह में दूषित भोजन करने से 200 से अधिक लोग एक साथ बीमार पड़ गए। पूरे गांव में चीख-पुकार मच गई और स्वास्थ्य केंद्र से लेकर जिला अस्पताल तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। दुर्भाग्य और बच्चों की हालत इतनी बिगड़ गई कि उन्हें आपातकालीन वार्डों में भर्ती करना पड़ा। बड़ा सवाल यह है कि इस घटना को आठ दिन से ज्यादा हो, लेकिन आज तक जिला खाद्य विभाग यह स्पष्ट नहीं कर पाया कि उस शादी में सामग्री किस दुकान से आई थी।

सिर्फ खानापूर्ति बनकर रह गई कार्रवाई

सीहोर में खाद्य विभाग की कार्यप्रणाली अंग्रेज त्योहारों के समय सैंपल लेने तक सीमित रह गई है। सैंपल लेने होने के बाद पूर्वनियत लगातार जब्तशुदा बंद कर दी जाती है। जनता का

नाम बताने में विभाग की क्या मजबूरी क्या है?

जिलेवासियों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि जब विभाग को पता है कि कौन सी दुकान का सैंपल फेल हुआ है तो उन नामों को सार्वजनिक क्यों नहीं किया जाता।

क्या विभाग मिलावटखोरों को सुधारने का मौका दे रहा है या उन्हें संरक्षण दे रहा है। अगर जनता को पता होगा कि किस मिठाई की दुकान या डेयरी पर नकली पनीर मिल रहा है तो लोग वहां जाने से बचेंगे। नाम छिपाकर विभाग सीधे तौर पर जनता को उन्हीं अनुसूचित दुकानों पर जाने के लिए मजबूर कर रहा है।

पांच कमर्शियल गैस सिलेंडर जब्त

डीआर संवाददाता»**सीहोर**

कलेक्टर बालसुब्रमनियन के निर्देशानुसार जिले में एलपीजी गैस की सुचारु आपूर्ति बनाए रखने और घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग एवं अनियमितताओं को रोकने के लिए अभियान में वाणिज्य आपूर्ति अधिकारी मुनी अग्रवाल ने ग्राम आष्टा के विभिन्न होटलों, रेस्टोरेंट एवं गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान विभिन्न गैस एजेंसी पर स्टॉक सत्यापन में अनियमितताएं होने पर 05 कमर्शियल गैस सिलेंडर जब्त किए गए और प्रकरण दर्ज किया गया। इसके साथ ही महाकाल रेस्टोरेंट से एक घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर वैशाख कृष्ण पक्ष 02- 2082 सीहोर, दिन शनिवार, दिनांक 04 अप्रैल, 2026

न्यूज गैलरी

फूले जयंती पर निकलेगी रैली

सीहोर। सीहोर में संयुक्त माली समाज और अखिल भारतीय महासभा की बैठक में 11 अप्रैल को ज्योतिबा फूले जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर शहर में रैली निकाली जाएगी। बैठक में फूले के सामाजिक कार्यों और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। जिलाध्यक्ष श्याम मीणा और कमल बीर ने तैयारियों की जानकारी दी। बैठक में बड़ी समाजजन उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई।

हनुमान जयंती पर भव्य आयोजन

मैकोदा। जिला सर्वोच्च मोहन हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती पर भव्य धार्मिक आयोजन हुआ। सुबह से अभिषेक, श्रृंगार और 56 भोग अर्पित किए गए। महाआरती के दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही और जयकारों से वातावरण गूंज उठा। मुख्य यजमान गोपाल पटेल रहे। आयोजन रामानंद ब्रह्मचारी बाबा वासुदेव ट्रस्ट द्वारा कराया गया। पर्व से पहले से लगे कुशारी कुमारीलाल उपाध्याय की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

यश ठाकुर बने मिस्टर इंडिया

जावर। मेहतावाड़ा के 25 वर्षीय यश ठाकुर ने 19वीं बार्थी विजिलेन्स कॉम्पिटिशन में मिस्टर इंडिया का खिताब जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। 450 प्रतिभागियों में प्रथम स्थान हासिल कर उन्होंने स्वर्ण पदक जीता। अब उनका चयन एशियाई प्रतियोगिता के लिए हुआ है। गांव लौटने पर उनका भव्य स्वागत हुआ। इंदौर, देवास और जावर में भी सम्मान किया गया। ग्रामीणों ने आतिशबाजी और पुष्पवर्षा कर खुशी जताई।

भजन-कीर्तन से गूंजा मंदिर

आष्टा। के कुम्हारपुरा स्थित गाडवाड़ा मंदिर में महिला मंडल ने संकीर्तन भजन-कीर्तन का आयोजन किया। भगवान राधाकृष्ण के दरबार में भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। ढोलक, मंजीरा और झांझ की धुन पर वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु भाव-विभोर नजर आए। कार्यक्रम में शेखर शांति और समाज में सद्भावना की कामना की गई। महिलाओं ने सामूहिक भक्ति के माध्यम से एकता का संदेश दिया।

ओलंपी तपस्या का महत्व बताया

आष्टा। आष्टा के मंगलनाथ मंदिर में चौत्र मास की ओलंपी तपस्या का पारणा आचार्य श्री तिलक सुरीश्वर महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। 9 दिनों तक 40 श्रद्धालुओं ने कठिन तपस्या की। इस दौरान एक समय बिना नमक भोजन किया गया। आचार्य श्री ने प्रवचनों में बताया कि ओलंपी आत्मशुद्धि और मोक्ष का मार्ग है। यह त्याग, संयम, त्याग और अनुशासन सिखाता है। सभी को जीवन में एक बार यह आराधना करने की प्रेरणा दी गई।

दिव्यांग महिला टीम ने जीता जीडब्लूपीएल, रक्षा चमकी

आष्टा। गुजरात के बड़ोदरा में आयोजित जीडब्लूपीएल टूर्नामेंट में 8 राज्यों की दिव्यांग महिला क्रिकेट टीमों ने भाग लिया। इसमें मध्यप्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबला जीतकर खिताब अपने नाम किया। टीम की कप्तान रक्षा बहनुजान ने बेहतरीन खेल दिखाया और मैन ऑफ द मैच के साथ मैन ऑफ द सीरीज का खिताब भी जीता। उन्हें बेस्ट बॉलर का अवार्ड भी मिला।

प्रदर्शन अहमदपुर में कांग्रेस का प्रदर्शन, मुख्यमंत्री का पुतला जलाकर की नारेबाजी

गेहूं खरीदी में देरी का विरोध, तारीख बढ़ने से नाराज कांग्रेस ने प्रदर्शन किया

डीआर संवाददाता»अहमदपुर

महंगाई और गेहूं खरीदी की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन, मुख्यमंत्री का पुतला फूंककर सरकार के खिलाफ विरोध किया।जिले के अहमदपुर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने महंगाई और किसानों की गेहूं खरीदी में हो रही दिक्कतों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने मुख्य चौराहे पर एकत्र होकर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया और सरकार विरोधी नारे लगाए। प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने किया। एसमर तारीख पर तारीख दे रही है, वैसे सिलेंडर और मिलावटी दवाओं से बढ़ोतरी से आम जनता पर महंगाई की मार पड़ रही है। फिलहाल अहमदपुर में कांग्रेस का ये प्रदर्शन सरकार के खिलाफ एक बड़ा सियासी संदेश माना जा रहा है, देखना होगा कि सरकार इस पर क्या प्रतिक्रिया देती है।

ने बैठकों की है कि यदि जल्द मांगें नहीं मानी गई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। प्रदेश में हालात बेहद खराब है, किसान अपनी गेहूं की तुलाई के लिए परेशान है, एसमर तारीख पर तारीख दे रही है, वैसे सिलेंडर और मिलावटी दवाओं की बढ़ोतरी से आम जनता पर महंगाई की मार पड़ रही है। फिलहाल अहमदपुर में कांग्रेस का ये प्रदर्शन सरकार के खिलाफ एक बड़ा सियासी संदेश माना जा रहा है, देखना होगा कि सरकार इस पर क्या प्रतिक्रिया देती है।

महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

प्रदेश में बढ़ती महंगाई और किसानों की गेहूं तुलाई को लेकर उठ रही समस्याओं के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस ने शुक्रवार को अहमदपुर में मुख्यमंत्री का पुतला फूंका और जोरदार प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महंगाई और किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने किया, जिन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण किसान और आम जनता दोनों ही त्रस्त हैं। प्रदर्शन के दौरान, कांग्रेस नेताओं ने बताया की कि अगर सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो वे आगामी दिनों में इसे गांवों तक आंदोलन करेंगे।

गौरतलब है कि प्रदेश में महंगाई से आम जीवन को प्रभावित किया है, और किसानों को गेहूं तुलाई में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लगभग से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि अगर सरकार ने शीघ्र ही इस दिशा में कदम नहीं उठाए तो वे आगामी लड़ाई को और भी उग्र करेंगे।

प्रदर्शन में यह रहे मौजूद

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पवन गुर्जर अहमदपुर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती सहित कांग्रेस नेता लुमन सिंह गुर्जर, वीर सिंह दांगी राजेश अहिरवार, आकाश पठान जफर भाई भरसी, अलम मेकाला मोहित मेवाड़ा, विश्वदेव दीगी पूर्व सरपंच महेंद्र चंद्रप्रकाश, महेश सुरेंद्र लोधी रमेशचंद्र हरना, इंदरसिंह मेव रिजक भाई प्रताप रघुवंशपुरा कुलदीप पीपलखेड़ा, राहुल गौर चरनाल सईम हेलपु दिनेश गौर गंगेला, जैसिंह गुर्जर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पांच महीने बाद भी पोल शिफ्टिंग का एस्टीमेट नहीं, एक्सीलेंस से लुनिया चौराहा टूलेन का काम अटका

डीआर संवाददाता»सीहोर

एक्सीलेंस स्कूल से लुनिया चौराहा तक 1 करोड़ 71 लाख की लागत से टू-लेन सड़क बनेगी। नगर पालिका ने बिजली के पोल शिफ्ट करने के लिए एमपीईबी को पत्र लिखा था। 5 माह बीत गए।

अब तक एस्टीमेट नहीं मिला। इसी वजह से सड़क चौड़ीकरण का काम अटका है। दूसरी तरफ इस सड़क के दोनों पुलों का काम शुरू हो चुका है। एनगर पालिका के सहायक यंत्री विजय कोली ने बताया, एमपीईबी से एस्टीमेट नहीं मिला। इसलिए काम में देरी हो रही है।

मछली पुल से लुनिया चौराहा तक की सड़क नवंबर में बनकर हो जाएगी तैयार

5 करोड़ की लागत से शहर की 3 सड़कों का होगा कायाकल्प

मछली पुल से लुनिया चौराहा सीसी निर्माण चल रहा है। अप्रैल में यह सड़क बनकर तैयार हो जाएगी।

आयाकट बाजार क्षेत्र से होकर जाने वाले लोगों को इस मार्ग से रेलवे स्टेशन और गढ़ी जाने में आसानी होगी। 2. अस्पताल चौराहा से अटल चौराहातक सीसी निर्माण बनाया जाएगा। 8 से 12 मीटर चौड़ा करने का प्लान तैयार किया गया है। आयाकट चौड़ाई बढ़ जाएगी तो काफी सुविधा मिलेगी। 3. व्यवसायी चौराहा से तहसील चौराहातक लाल गैरिकरण किया जाएगा। आयाकट डामर हो जाने से वाहन चालकों को काफी राहत मिलेगी।

भाजयुमो के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी बने ऋषि सोनी

डीआर संवाददाता»सीहोर।

शहर के युवा नेता ऋषि सोनी को भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) मध्यप्रदेश का प्रदेश सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर द्वारा की गई। इस अवसर पर शहर में विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने उनका फूलमालाओं व बुके से स्वागत किया। ऋषि सोनी ने इस जिम्मेदारी के लिए संगठन के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा से दायित्व का निर्वहन करेंगे।

ऋषि सोनी ने अपने

सार्वजनिक जीवन की शुरुआत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से की। छात्र जीवन से ही वे संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहे और विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए अनुभव प्राप्त किया। वर्ष 2015 से शुरू हुआ उनका सफर नगर उपाध्यक्ष, नगर मंत्री, जिला पर्यवेक्षक, विभाग पर्यवेक्षक और प्रांत सह मंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों तक पहुंचा। इस दौरान उन्होंने छात्रहित से जुड़े कई आंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभाई और कार्यकर्ताओं के सशक्तिकरण के लिए शिविर, बैठकें भी आयोजित किए।

श्रद्धा भक्ति सेवा समिति ने किया जाग्रति हनुमान मंडल का स्वागत

डीआर संवाददाता»सीहोर।

जिला मुख्यालय के सांस्कृतिक क्षेत्र नागजीपुरा से गुरुवार को द्वारा 2026 से अपने 108 वर्ष से अधिक इतनी से भगवान श्रीराम की भक्ति के साथ हनुमान का पाठ लेकर जाग्रति मंडल वाले जाग्रति हनुमान मंडल का श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के संचालक राहुल सिंह ने स्वागत और सम्मान किया। इस मौके पर हनुमान मंडल के गायक कुमार प्रजापति ने गायन के साथ मंडल के वरिष्ठ सदस्य हनुमान का भजन गाया। इस मौके पर श्री हनुमान मंडल के दीपक जाग्रति हनुमान मंडल का निर्माण किया था, इसका उद्देश्य लोगों में सनातन धर्म को जोड़ने के साथ-साथ विश्व में सेवाभाव जैसी भावनाओं को बढ़ाना है।

दो और सभी जीव जगत से। इसी सनातन के साथ मंडल ने संकल्प लिया है। इसका लक्ष्य है कि करीब 11 लाख से अधिक राधों तक भगवान श्रीराम के साथ साथ हनुमान का भजन पहुंचे, अब तक करीब 108 बार्डों तक हमारे मंडल की ओर से विरेन्द्र वर्मा, जय सिंह ठाकुर, दीपक सेन और मनीष नागर पहुंच गए है।

इस मौके पर श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के संचालक श्री सिंह ने कार्यक्रम भगवान राम और हनुमान का ध्येय उत्कृष्ट समर्पण, निरपेक्ष सेवा और भक्ति का सर्वोच्च प्रतीक है, जो आज के युवाओं को भी अपना पूरा जीवन राम की सेवा में समर्पित कर सिद्ध बनने में राम ने उन्हें अपने हृदय में स्थान दिया। वे केवल सेवक नहीं थे, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं, जहां राम-लक्ष्य और सत्यांग होती है, वहां हनुमान जी सहज रूप में उपस्थित रहते हैं। आधुनिक समय में शायद जाग्रत सिद्ध, समस्त भक्ति करने वाले एवं अपने भक्तों के दुःखों को हरने वाले भगवान हनुमान हैं, उनका भक्ति अनुसिद्ध पराक्रम, ज्ञान और शक्ति के बाद भी अहंकार से विहीन था। सही अवसरों ग्रहण हमारे लिये प्रकाश स्तंभ है, जो विपत्तियों से घिरे हुए संसार सागर में हमारा मार्गदर्शन करते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि अंतरंग लगने वाले आपों में भी जब हनुमानजी ने विजय प्राप्त

स्कूल चले हम अभियान, बमुलिया दोराहा में प्रवेश उत्सव का आयोजन

डीआर संवाददाता»श्यामपुर

स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत 1 अप्रैल को शासकीय माध्यमिक शाला बमुलिया दोराहा में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से की गई, जिसके बाद नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर और फूल-मालाओं से स्वागत किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार और ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों ने उपस्थित ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने 6 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों का अनिवार्य रूप से स्कूल में प्रवेश कराएं। साथ ही यह भी संदेश दिया गया कि

उन्हें भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, यही इस अभियान का मूल उद्देश्य है।

